कार्यालय लीगल एण्ड डिफेंस कॉउसिंल सिस्टम (LADCS) हेतु ऑफिस असिस्टैंट, रिसेस्पनिस्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तथा ऑफिस चपरासी की नियुक्ति के सम्बन्ध में।

माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 360/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2023–24 तथा माननीय जिला जज महोदय/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौडी के आदेश संख्या 12 दिनांकित 28.03.2024 के अनुपालन में कार्यालय लीगल एण्ड डिफेंस कॉउसिंल सिस्टम (LADCS) हेतु ऑफिस असिस्टैंट, रिसेप्सनिस्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तथा कार्यालय चपरासी के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया के सम्बन्ध में आज दिनांक 03.04.2024 दिनांक समय सायं 04:00 बजे चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्रधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये पात्र अभ्यर्थन तथा निरस्त किये गये अभ्यर्थन की सूची का गहनता से अवलोकन किया गया। उक्त बैठक में परीक्षा सम्बन्धी आवश्यक निदेर्शों के विषय में भी चर्चा की गयी। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि, उक्त चयन प्रकिया **जनपद न्यायालय, पौडी गढवाल के बैठक कक्ष में दिनांक 07.04.2024 (रविवार)** को सम्पादित की जानी है तथा उक्त पदों के सापेक्ष पात्र एवं निरस्त आवेदनकर्ताओं की सूची को जनपद न्यायालय, पौडी गढवाल की आधिकारिक वैबसाईट पर मय **आवश्यक निर्देश**, सूचनार्थ अपलोड किया जाना आवश्यक है।

Sd/-
अध्यक्ष, चयन समिति/,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जनपद न्यायालय,
पौडी गढवाल।

प्रतिलिपि

1. माननीय जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. सदस्यगण चयन समिति।
3. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौडी गढवाल को इस आशय से प्रषित कि वे परीक्षा की तिथि एवं समय के सम्बन्ध में अभ्यथियों को मो0न0 पर पृथक से अवगत कराना सुनिश्चित करें **(जैसा कि विज्ञापन के प्रारूप में घोषित किया गया था।)** एवं आख्या दिनांक 06.04.2024 तक चयन समिति/अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
4. सिस्टम ऑफिसर जनपद न्यायालय पौडी गढवाल को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 04.04.2024 तक उक्त पदों के सापेक्ष पात्र एवं निरस्त आवेदनकर्ताओं की सूची को जनपद न्यायालय, पौडी गढवाल की आधिकारिक वैबसाईट पर मय **आवश्यक निर्देश**, सूचनार्थ अपलोड करना सुनिश्चित करें।

Sd/-
अध्यक्ष, चयन समिति/,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जनपद न्यायालय,
पौडी गढवाल।

–:परीक्षा हेतु आवश्यक निर्देशः–

1. परीक्षा के लिये अभ्यर्थी का अभ्यर्थन पूरी तरह से औपबन्धिक है। यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन में दी गयी शर्तों को पूरा नहीं करता है या गलत जानकारी/दस्तावेज प्रदान करता है तो उसका अभ्यर्थन किसी भी स्तर पर रद्द किया जा सकता है।

2. अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पाये जाने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन रद्द कर दिया जायेगा।

3. प्रवेश हेतु फोटो युक्त पहचान पत्र आवश्यक है एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोट साथ में लाना आवश्यक है।

4. परीक्षा के केन्द्र पर **दिनांक 07.04.2024 को समय प्रातः 8:30 बजे आवश्यक** रूप से पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा की तिथि को प्रातः 09:30 बजे के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

5. किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत गैजेट/इलेक्ट्रानिक उपकरण के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।

6. अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा दौरान (**दिनांक 07.04.2024 रविवार**) सम्बन्धित पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01/जि0वि0से0प्रा0 पौडी/2024–25 दिनांकित 15.04.2024 में जारी दिशा–निदेर्शों का पूर्णतः पालन करें।

7. अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि अथवा समय में परिवर्तन का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा, जिसकी सूचना पृथक रूप से जारी की जायेगी।

Sd/-
अध्यक्ष, चयन समिति/,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जनपद न्यायालय,
पौडी गढवाल।